रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 26 जनवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 155 मूल्य 3.00 ₹

**अवकाश एवं शुभकामना संदेश**

**पायनियर परिवार** की ओर से गणतंत्र दिवस की सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर **पायनियर समाचार पत्र** के कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 28 जनवरी को प्राप्त होगा।

**-संपादक,** पायनियर

**क्विक न्यूज़**

### थिंक मीडिया के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर नीता नायक ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी



**रायपुर।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एवं थिंक मीडिया के चेयरमैन डा. देवेंद्र नायक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नीता नायक ने 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आजादी के लिए बलिदान देने वाले सभी वीरसपूतों को उन्होंने नमन किया। 26 जनवरी 1950 को भारतदेश एक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। आज देशभर में लोकतंत्र का महापर्व मनाते हुए वीर सपूतों को याद किया जाता है। आज ही के दिन भारतीय संविधान की आधारशीला रखी गई।

# मतदान राष्ट्र निर्माण का काम, वोट को लेकर न बरतें उदासीनता : मुर्मू

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत में सुविधा संपन्न वर्ग के लोगों तथा युवाओं में चुनाव के प्रति उदासीनता को बुधवार को रेखांकित करते हुए नागरिकों से इस उदासीनता को त्यागने और मतदान को राष्ट निर्माण का काम समझ कर, इसमें योगदान करने की अपील की। मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना की है और आने वाले समय में मतदाताओं की हिस्सेदारी बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने के लक्ष्य के लिए आयोग को अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मू ने 13वें अंतरराष्टीय मतदान दिवस पर निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ÷सुविधा-संपन्न लोगों और युवाओं में चुनाव के प्रति अपेक्षाकृत कम उत्साह देखा जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी मतदान के प्रति इस उदासीनता को रेखांकित किया है। राष्ट्रपति ने मतदान को राष्ट निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए, नागरिकों से राष्ट सर्वोपरि की भावना से मतदान में भाग लेने की अपील की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मेरा सभी नागरिकों से आग्रह है कि आप सब मतदान को राष्ट निर्माण में अपना योगदान समझें तथा राष्ट सर्वोपरि की भावना के साथ मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि एक जन सेवक के रूप में उनका अनुभव रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के लोग चुनाव प्रक्रिया में अधिक आस्था रखते हैं और बढ़-चढ़ कर भागीदारी करते हैं। मुर्मू ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लक्ष्य के लिए उसे अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 95 करोड़ हो गयी है तथा निर्वाचन आयोग द्वारा 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य तय किया गया है। मैं इस लक्ष्य को प्राप्त करने के हर प्रयास की सफलता के लिए निर्वाचन आयोग तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को अग्रिम बधाई देती हूं। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से कहा कि 1951-52 में पहले आम चुनाव में मतदाताओं की संख्या 17 करोड़ से कुछ अधिक थी और लगभग 45 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 2019 में हुए पिछले आम चुनाव में मतदाताओं की संख्या 90 करोड़ से अधिक थी और 68 प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान हुआ था।

# ईडी का शिकंजा, दो और अफसर गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने दो दिन पहले मनी लांड्रिंग और कोल स्कैम के मामले में संलिप्त जमीन दलाल को गिरफ्तार करने के बाद राज्य सरकार के दो खनिज अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन्हें रायपुर के सप्तम सत्र न्यायालय में पेश किया गया। ईडी के अधिकारियों ने इन दोनों अधिकारियों से पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड मांगी। बचाव पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। इस मामले में इन दोनों को मिलाकर कुल 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बताया जा रहा है, इस बार ईडी ने जिला खनिज अधिकारी एस.एस. नाग को गिरफ्तार किया है। नाग अभी कोरबा में खनिज विभाग के उप संचालक हैं। इससे पहले वे रायगढ़ में खनिज अधिकारी रहे हैं। ईडी पिछले कई सप्ताह से रायगढ़ तैनाती के दौरान हुए कार्य-व्यवहार के बारे में उनसे पूछताछ करती रही है। उन्हें एक बार अधिकारियों ने तीन दिनों तक घर नहीं जाने दिया था। उनको भोपाल ले जाकर भी पूछताछ करने की खबर थी। नाग को बुधवार तड़के ईडी ने जगदलपुर स्थित घर से गिरफ्तार किया। विशेष न्यायाधीश अजय प्रताप सिंह राजपूत के छुट्टी पर होने के कारण एडीजे वंदना दीपक देवांगन की कोर्ट में पेश किया गया। उनके साथ सूरजपुर के सहायक खनिज अधिकारी संदीप नायक को भी गिरफ्तार किया गया है। ईडी का आरोप है कि राज्य सरकार के अफसरों, कुछ नेताओं-कारोबारियों के मिलीभगत से कोयला परिवहन में अवैध लेवी वसूली का कारोबार चल रहा है। एक गिरोह की मदद से ये लोग प्रत्येक टन कोयला परिवहन के पीछे 25 रुपए की दर से लेवी वसूलते थे। दावा किया गया कि 16 महीनों में इस अवैध लेवी से 500 करोड़ रुपए की कमाई की गई है। यह पैसा अफसरों, नेताओं और कारोबारियों के यहां पहुंचा है। इस पैसे का बेनामी संपत्तियां खड़ा करने और मनी लांड्रिंग में उपयोग हुआ है। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को 27 जनवरी को शाम 4 बजे ईडी की विशेष कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं। 27 जनवरी को ही तीन दिन पूर्व गिरफ्तार जमीन कारोबारी दीपेश टांक की भी ईडी रिमांड खत्म हो रही है। उसे भी इन दोनों के साथ 27 जनवरी को अदालत में पेश करना होगा।

# सीएम भूपेश ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देश के 74वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने भारत की आजादी के लिए त्याग और बलिदान देने वाले अमर सेनानियों को नमन किया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर साल हम लोग 26 जनवरी को भारत के एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य के रूप में स्थापित होने का पर्व मनाते हैं। यह दिन भारतीय लोकतंत्र का महापर्व है, जो अनेकता में एकता लिए भारत देश को एक सूत्र में बांधता है। बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों ने कड़ी मेहनत और पूरी जिम्मेदारी के साथ संविधान के रूप में सभी नागरिकों की गरिमा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हुए उनके लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय व समता की राह तैयार की, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। भारतीय संविधान द्वारा रखी गई मजबूत आधारशिला का ही परिणाम है कि देश ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। यह हमारी महती जिम्मेदारी है कि त्याग और बलिदान से हमें जो लोकतंत्र का उपहार मिला है, वह लगातार मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारतीय संविधान का मूल तत्व उसकी प्रस्तावना के पहले वाक्य 'हम भारत के लोग' में समाहित है। संविधान की मूल भावना को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़, सजग और प्रतिबद्ध है और उसने पुरखों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को मजूबत करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने लाने के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना और राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गाँधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना की शुरूआत की गई है। गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही स्व-सहायता समूहों, शिल्पियों, बुनकरों एवं अन्य पारंपरिक कुटीर उद्योगों के उत्पादों के विक्रय के लिए सी-मार्ट खोले गए हैं।

# भारत मिस्र के बीच होगी सामरिक साझीदारी आतंकवाद को लेकर बढ़ेगा तालमेल

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत और मिस्र ने अपने संबंधों को सामरिक साझीदारी में बदलने तथा सांस्कृति एवं सभ्यतागत आदान प्रदान को बढ़ाने के साथ साथ साइबर जगत, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, युवा मामले एवं प्रसारण के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत बनाने का आज संकल्प लिया। दोनों देशों ने पाकिस्तान का नाम लिये बिना आतंकवाद को विदेश नीति के उपकरण के रूप में इस्तेमाल किये जाने की कड़ी निंदा की और इस बारे में गहन सहयोग का भी इरादा जताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तेह एल सिसी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में ये संकल्प लिये गये। इस दौरान दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ की स्मृति में विशेष रूप से प्रकाशित डाक टिकटों का भी आदान प्रदान किया गया। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बैठक के बारे में संवाददाताओं को बताया कि भारत एवं मिस्र ने अपने संबंधों को मुख्यत÷ चार स्तंभों पर सामरिक साझीदारी में बदलने का फैसला किया है जो हैं -राजनीतिक एवं सुरक्षा सहयोग, आर्थिक सहयोग, वैज्ञानिक एवं अकादमिक आदान-प्रदान तथा एक व्यापक सांस्कृतिक एवं जनता के बीच पारस्परिक संपर्क। उन्होंने कहा कि भारत एवं मिस्र कृषि, डिजीटलीकरण, संस्कृति एवं कारोबार के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं।



# गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें...



























# कांसाबेल के स्वास्थ्य केन्द्र में 15 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगीचा एसडीएम आर.पी चौहान ने कांसाबेल विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली उन्होंने मरीजों का बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। और संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के कहा हैं। स्वास्थ्य केंद्र में 25 जनवरी 2023 को 15 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया हैं।

## उप. स्वास्थ्य केंद्र गोरिया में मरीजों की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण कराया जा रहा





जशपुरनगर /कुनकुरी। एसडीएम अजय किशोर लकड़ा ने गोरिया उप. स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली उन्होंने बताया की मरीजों की आवश्यकता को देखते हुए गोरिया में शौचालय निर्माण करवाया जा रहा है ताकि मरीजों को किसी प्रकार की भी दिक्कत न हो पाए।


## जिला जेल में बन्दियों का कौशल विकास योजना का लाभ देने के लिए किया गया काउंसलिंग



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आज जिला जेल में बंदियों को प्रशिक्षण देन के लिए काउंसलिंग किया गया और उन्हें रोजगार से जुडने के लिए विभिन्न गतिविधीयों की जानकारी दी गई जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी बन्दीयों को उनके रूची अनुसार प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जाए ताकि जेल से बाहर आने के बाद बेहतर जीवन यापन कर सकें।


हमेशा सच के साथ
157 वर्षों से...
राष्ट्रीय अखबार
पायनियर
26th January
REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
विनीत : एक शुभचिंतक


मान. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
26th
26 January
REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेष नितिन त्रिवेदी
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम
विनीत- एक शुभचिंतक

# गैंदाटोला में विकास कार्यों के लिए विधायक छन्नी साहू ने दिए 14 लाख

## रामायण सम्मेलन में पहुंची विधायक, दिलाई माता-पिता की सेवा की शपथ

पायनियर संवाददाता ◂ छुरिया
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गैंदाटोला में श्री तुलसीकृत बाल रामायण मंडली एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा आयोजित रामायण सम्मेलन में विधायक छन्नी चंदू साहू ने पहुंचकर प्रभुगाथा का श्रवण किया और ग्रामीणों से चर्चा की। यहां अपने उद्बोधन में उन्होंने माता-पिता की सेवा और समाज में स्थापित आदर्शों का ग्रहण करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 14 लाख रुपए की घोषणा भी की। वहीं ग्राम की पुरानी मांगों को पूरा करने के लिए उन्होंने उच्चस्तर पर प्रयासरत होने की बात कही।



गैंदाटोला पहुंची विधायक छन्नी साहू का आयोजक समिति और ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। वरिष्ठ नागरिकों ने उनका अभिवादन करते हुए कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति पर प्रशंसा व्यक्त किया। सभी का आभार प्रकट करते हुए विधायक ने मंडलियों के रामायण गान का रसपान किया। कार्यक्रम के दौरान साहू ने कहा कि बहुत ही अच्छी बात है कि जगह-जगह रामायण का धार्मिक आयोजन हो रहा है। लेकिन जब तक हम अपने घर में माता पिता की सेवा नहीं करेंगे, आपस में भाईचारा की भावना नहीं रखेंगे। प्रभु श्रीरामचंद्र जी के आदर्शों पर नहीं चलेंगे कब तक ऐसे आयोजनसार्थक नहीं होंगे। हमें पैदा करने वाले मां बाप का स्थान भगवान से भी बढ़कर होता है। हम उन्हें कभी निराश न करें। उन्होंने कहा कि सदा माता-पिता की सेवा करें। अगर हमारे घर में मां बाप दुखी हैं और हम धार्मिक आयोजन चारों धाम की तीर्थ यात्रा कर रहे हैं तो वह सब व्यर्थ है। घर पर मां बाप की सेवा करने से घर पर ही स्वर्ग और चारों धाम का फल मिल जाता है। क्योंकि मौत के लिए तो बहुत से रास्ते हैं लेकिन जन्म लेने के लिए सिर्फ मां होती है। साहू ने श्रोता समाज से कहा कि - आइए हम इस कार्यक्रम में संकल्प लें कि अपने मां-बाप की सदा सेवा करेंगे। प्रभु श्री रामचंद्र जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों को आत्मसात कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास और निर्माण में कोई कमी नहीं आएगी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार है। जब से भूपेश बघेल की सरकार बनी है तब से हर वर्ग के जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए गरीब, मजदूर, किसान समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है एवं निर्माण व विकास के लिए सदा प्रयासरत रहे हैं। कार्यक्रम में जिपं सदस्य व महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि डॉ प्रकाश शर्मा, भीखम देवांगन, राजू सिंह राजपूत, कमल नारायण गुप्ता, खलील अहमद कुरेशी, संतोष साहू, कुंवर सिंह, सोहन चंद्रवंशी, अफजल कुरेशी, मानसिंह निषाद, नरेंद्र मानिकपुरी, राजील कुरैशी, आरिफ खान, प्रकाश मानिकपुरी, एवं समस्त आयोजक समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### 14 लाख की घोषणा

इस दौरान विधायक छन्नी चंदू साहू ने गैंदाटोला क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग कुमर्दा से बंजारी तक टूलेन सड़क निर्माणएवं कॉलेज की मांग के लिए उच्च स्तर पर प्रयास की बात कही। वहीं उन्होने ग्राम में शीतला मंदिर के लिए 4 लाख एवं हाई स्कूल बाउंड्री वॉल के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा भी की। ग्रामवासियों एवं आयोजक समिति ने इन घोषणाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक ने कहा कि - आप सब का आशीर्वाद बना रहे और क्षेत्र के विकास और निर्माण में हम सदा साथ रहे यहीं आशा मैं करती हूं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# गंडई में लाइन कर्मियों के लिए सुरक्षा उपायों को लेकर सेफ्टी परेड का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ खैरागढ़/गंडई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा सुरक्षा उपायो को लेकर गंडई उपसंभाग कार्यालय में सुरक्षा सेमीनार एवं सेफ्टी परेड का आयोजन कर लाइनकर्मियों को सतत विद्युत व्यवस्था के मद्देनज़र अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षित ढंग से कार्य करने हेतु शपथ दिलाई गई।

इस आयोजन के तहत विद्युत कर्मियों को विद्युत सुरक्षा एवं दुर्घटना से बचाव के विभिन्न उपायों को सुझाया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी (सेफ्टी आफिसर) रंजीत घोष द्वारा तकनीकी कर्मचारियों को प्रदाय किये गये सुरक्षा उपकरणो की जांच की गई एवं लाइनकर्मियों को बताया गया कि लाइन में कार्य करते समय कर्मियों को हमेशा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। थोड़ी सी चूक या लापरवाही खतरनाक हो सकती है।

इस सुरक्षा सेमिनार में विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने कहा सुरक्षा का मूल मंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हुए एबी स्विच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लेवें, और यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाइन पर विद्युत प्रदाय तो नहीं किया जा रहा है यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो बैकफीड परमिट अवश्य ले तथा लाइन को बंद करावें। मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। समस्त तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देष दिये।

इस दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा भी अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता सुश्री किरण जांगड़े, कनिष्ठ अभियंता हरिप्रसाद जंघेल,, एन0के0 शुक्ला सहित गंडई उपसंभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ





पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा 'मतदाता दिवस' के अवसर पर सभी अधिकारियों /कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। शपथ में 'हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें, का शपथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ली गई।

# नाबालिग से दुराचार के आरोपी एएसआई को उम्रकैद

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग से डेढ़ साल पुराने रेप के मामले में खैरागढ़ के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने एक एएसआई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपी एएसआई ने रेप के बाद नाबालिग को जलाकर मारने का भी असफल प्रयास किया था। रेप और हत्या की कोशिश के धाराओं के तहत अदालत ने एएसआई को उम्रकैद की सजा देने का ऐलान किया। मिली जानकारी के मुताबिक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान में पदस्थ एएसआई नरेन्द्र गहिने पर एक नाबालिग युवती ने रेप का आरोप लगाया था। पीड़िता की मां एएसआई के घरेलू नौकरानी थी। इसके चलते नाबालिग का आरोपी पुलिसकर्मी के घर आना-जाना होता था। हवस की नियत पाले एएसआई ने अपने रसूख का फायदा उठाते हुए नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म किया। लगातार यौन उत्पीडऩ करते एएसआई ने नाबालिग युवती को धमकी देते हुए किसी को घटना के संबंध में जानकारी देने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी। इस दौरान एएसआई ने उसे जलाकर मारने की भी कोशिश की। आखिरकार हिम्मत जुटाते हुए नाबालिग ने अपने साथ हुए दुराचार की घटना से परिजनों को अवगत कराया और फिर मामला पुलिस तक पहुंचा।

# प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा में अरुण यादव कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव/मोहल्ला
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा में कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सहित राजनांदगांव व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र के संगठन के नेताओं ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। इसके साथ ही क्षेत्र के नेताओं ने प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू का भी आभार व्यक्त किया है। अरुण, अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम बांधा बाजार निवासी हैं। वे जिला पंचायत क्षेत्र चिल्हाटी से निर्वाचित हुए हैं। अरुण यादव ने कहा कि-संगठन सर्वोच्च है। हमारे नेतृत्व द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी हमारे लिए कर्तव्य की भांति है। मुझे आज तक जो भी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उसे मैंने पूरी लगन से निभाया है। आने वाले दिनों में भी जो भूमिका मुझे सौंपी जाएगी उसके लिए मैं पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करने वाले शुभचिंतको का आभार व्यक्त किया है। यादव को सदस्य बनाए जाने पर कुशल साहू, किशोर मेश्राम,भुवन साहू, ढाल सिंग साहू, संतोष शुक्ला, ललित यादव, विमल यादव, संदीप मेश्राम, नवीन साहू, मुरारी खंडेलवाल, द्वारकाखंडेलवाल, पीला यादव, अनूप यादव, जीवन साहू, चंद्रिका साहू,अमीन खान, आशीष दिवेदी,बाबा खान, मयाराम पटेल,मोहन साहू, गौरव शर्मा, चैन सिंगसहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

# मतदाता दिवस पर युवाओं को एपिक कार्ड वितरण



**डोंगरगांव नगर।** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर युवाओं को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता को विस्तारपूर्वक समझाते हुए दायित्वबोध कराया गया। अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व सुनील नायक ने मतदाता दिवस पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में नए मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरण किया। स्थानीय जनपद पंचायत सभागार में आयोजित मतदाता दिवस आयोजन में एसडीएम सुनील नायक ने युवाओं कल शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर तहसीलदार कोमल ध्रुव, महिला एवं बालविकास विभाग परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू व गजेंद्र हरिहारनो सहित जनपद पंचायत व नगर पंचायत के बीएलओ एवं निर्वाचन से जुड़े कर्मचारियों सहित नगर एवं ब्लॉक के नए मतदाता युवक व युवती सम्मिलित हुए।

# स्वीप के तहत विद्यार्थियों के मध्य क्विज व भाषण स्पर्धा

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.बीएन मेश्राम तथा नोडल अधिकारी प्रो गणेश नेताम के मार्गदर्शन में दिनांक 25 जनवरी को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर विद्यार्थियों ने लोकतंत्र के लिए शपथ ग्रहण किया। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विजेताओं को मोमेंटो प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एकलव्य साहू एमए हिन्दी, द्वितीय स्थान चंदन साहू एमए राजनीति, तृतीय स्थान कुमूद दास साहू एमए राजनीति, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शादमा कौसर बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय खेमुराम बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान लिपाक्षी निषाद बीएससी द्वितीय वर्ष रहे। क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उमेश कुमार सिन्हा बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान दानेश्वर कुमार एमए समाजशास्त्र, तृतीय स्थान पर तेजेश कुमार बीएससी द्वितीय वर्ष रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं मतदान करने प्रेरित किया। प्रतियोगिता में स्वीप कैम्पस एम्बेसडर एकलव्य साहू एवं दामिनी विश्वकर्मा सहित टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शपथ ग्रहण में प्रो बी महोबिया, डॉ एके धमगाये, प्रो केआर ठाकुर, डॉ. सीके साहू, प्रो रेणुका ठाकुर, ग्रंथपाल जीके नेताम, प्रो मन्नुलाल नायक, प्रो शिवनाथ देवांगन, डॉ. आशाराम साहू सहित समस्त अतिथि शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पटपर में डॉ नीरेंद्र साहू ने बनाई बूथों की रणनीति



पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के लालबहादुर नगर मंडल अंतर्गत ग्राम पटपर में पिछड़ावर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. नीरेंद्र साहू ने बूथ पदाधिकारियों सहित भाजपाईयों की बैठक ली। पटपर में दोनों बूथों को मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं से चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने पार्टी की रीति नीति का हरसंभव पालन करते हुए प्रदेश सरकार की नाकामी को भी जनता के सामने लाने आवश्यक दिशानिर्देश दिया। उक्त अवसर पर बूथ अध्यक्षद्वय सहित कार्यकताओं को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. नीरेंद्र ने कहा कि बुथ को मजबूत बनाने के दिशा में मिलजुलकर आवश्यक रणनीति पर कार्य करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लालबहादुर नगर बोधी राम साहू, पिछड़ावर्ग मोर्चा अध्यक्ष रोशन साहू, सोशल मीडिया प्रभारी महेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष भुवन साहू, जीवराखन साहू, थनवार साहू, रोहित साहू, जितेन्द्र वर्मा, केशव साहू, महेश साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# देवांगन समाज का 28 को परमेश्वरी महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर इकाई देवांगन समाज के संयोजन में 28 जनवरी शनिवार को माँ परमेश्वरी महोत्सव आयोजित है। सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ भव्य नगर भ्रमण होगा। 11 बजे माँ परमेश्वरी पूजा, सात्विक भोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम दरम्यान अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। उक्त आयोजन में देवांगन समाज के दिग्गज एवं खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन प्रमुख तौर पर शिरकत करेंगे।

नगर इकाई देवांगन समाज अध्यक्ष व पार्षद दीपक देवांगन ने पायनियर को बताया कि परमेश्वरी महोत्सव के मुख्य अतिथि गिरीश देवांगन अध्यक्ष खनिज विकास निगम छत्तीसगढ़ होंगे। अध्यक्षता विधायक दलेश्वर साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जपंअध्यक्ष टिकेश साहू, जपंउपाध्यक्ष सुयश नाहटा, नपंअध्यक्ष हीरा निषाद, नपंउपाध्यक्ष ललित लोढा, जिला देवांगन समाज अध्यक्ष दुर्जन देवांगन, अकबर देवांगन व तीरथ देवांगन होंगे।

## आखिरी गेंद तक बना रहा रोमांच, चिखली, बल्देव बाग और मोतीपुर ने हासिल की जीत

# आज खेला जाएगा सद्भावना मैच : आमने- सामने होंगे अधिकारी इलेवन और नागरिक इलेवन

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड स्तरीय टीमों के बीच संघर्ष जारी है। इस बीच गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को यहां अधिकारी इलेवन व नागरिक इलेवन के बीच सद्भावना मैच खेला जाएगा।

राजीव फैंस क्लब के अध्यक्ष नितिन बत्रा और सचिव अमित कुशवाहा ने बताया कि, 26 जनवरी के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता में आयोजित सद्भावना मैच में जिलाधीश डोमन सिंह की कप्तानी में अधिकारी इलेवन की टीम नागरिक इलेवन के साथ मैच खेलेगी।

प्रतियोगिता के नौवें दिन यहां तीन मैच खेले गए। रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबलों में वार्ड नं. 5 चिखली, वार्ड नं. 15 बल्देव बाग और वार्ड नं. 03 मोतीपुर ने जीत दर्ज की। तीनों ही मुकाबलों में टीमों के बीच दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले। आखिरी मुकाबले की आखिरी गेंद तक दर्शक यहां डटे रहे। सभी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जमकर तालियां बटोरी।



प्रतियोगिता के नौंवे दिना पहला मैच वार्ड नं. 5 चिखली बनाम वार्ड नं. 40 कुआंचौक के बीच खेला गया। इस मुकाबले में कुआंचौक के बल्लेबाजों ने 8 ओवर की अपनी पारी में 8 विकेट खोकर 61 रन बनाए। जवाब में चिखली के बल्लेबाजों ने बगैर विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में सधी हुई गेंदबाजी करते हुए चिखली के खिलाड़ी दौलत ने 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच ऑफ द मैच चुना गया। निखिल और ईशू ने 32 और 21 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। दूसरा मुकाबला वार्ड नं. 15 बल्देवबाग और वार्ड नं. 07 रामनगर के बीच हुआ। बल्देवबाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रामनगर को 84 रनों का लक्ष्य दिया। दिलचस्प रहे इस मुकाबले में रामनगर के बल्लेबाज हर्ष ने 51 रन बनाए बावजूद इसके टीम ने 6 रन से मैच गंवा दिया। इस मुकाबले में दीपक यादव को मैन आफॅ द मैच चुना गया।

**लखोली बनाम मोतीपुर मैच ने बढ़ाया रोमांच :** नौवें दिन का अंतिम मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। हर गेंद के साथ दर्शक मैच में हार-जीत का अनुमान लगाते रहे। यह मुकाबला वार्ड नं. 36 लखोली विरुद्ध वार्ड नं. 03 मोतीपुर के बीच हुआ। मोतीपुर के बल्लेबाजों ने 8 ओवरों में 126 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा कर दिया। हिमांशु और अजय ने क्रमशः 35 और 44 रन की जोरदार पारी खेली। 8 ओवर में बड़ा लक्ष्य हासिल करने उतरे चिखली के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर बड़े शॉट खेलकर मैच अंतिम गेंद तक रोमांचक बनाए रखा। लखोली की ओर से तीन विकेट लेने वाले खिलाड़ी गौरव ने बल्लेबाजी में भी जौहर दिखाते हुए शानदार 63 रनों की पारी खेली लेकिन मैच बचाने में नाकाम रहे। लखोली को 7 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं मैन ऑफ द मैच रहे चिखली के खिलाड़ी हिमांशु ने अपनी ट्रॉफी प्रतिद्वंदी टीम को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सौंप कर खेल भावना का परिचय दिया। दोनों टीमों ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी।

# पदुमतरा में 31 जनवरी से श्री शिव महापुराण कथा

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम पदुमतरा में समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 31 जनवरी से किया जा रहा है। वेदों में वर्णित है कि ईश्वर ही सत्य है सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है अर्थात सत्यम शिवम सुंदरम संपूर्ण व्याख्या ही शिवपुराण है। जनपद सभापति ओम प्रकाश साहू ने बताया कि तिलेन्द्र महाराज, डोंगरगढ़ के मुखारविंद से होगा। कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी कलश यात्रा व्यास पूजन, 1 फरवरी नारद मोह, शिव महिमा, 2 फरवरी गुण निधि की कथा, 3 फरवरी जलंधर की महिमा, 4 फरवरी अंधकभक्त जन्म कथा, शिवरात्रि का महत्व, 5 फरवरी सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह, 6 फरवरी गणेश चरित्र, त्रिपुरासुर की कथा, 7 फरवरी नर नारायण की पार्थिव शिवलिंग पूजा, 12 ज्योतिर्लिंग कथा, 8 फरवरी शिव सहस्त्रनाम, शिव पूजन, कथा विराम, हवन, प्रसादी वितरण के साथ समापन किया जाएगा। ओम प्रकाश साहू ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम का लाभ लेने आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तरवासियों को दी 133 करोड़ के 98 विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com






अपने दो दिवसीय प्रवास पर बस्तर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बुधवार 25 जनवरी को गिरोला में आयोजित कार्यक्रम में जिलावासियों को लगभग 133 करोड़ रुपए की लागत के 98 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में 68 करोड़ 42 लाख 80 हजार रुपए के 27 कार्यों का लोकार्पण और 65 करोड़ 18 लाख 40 हजार रुपए के 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा गिरोला में आयोजित कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित 55 करोड़ 26 लाख 36 हजार रुपए की लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत से बकावंड से कोलावल के बीच लगभग 26 किलोमीटर लंबी सड़क और पुल के चैड़ीकरण का कार्य, 18 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से रायकोट से कुरेंगा के बीच निर्मित 23 किलोमीटर लंबी सड़क, 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से मारीगुड़ा से मैलबेड़ा के बीच 6 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण, 2 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से जेल में बैरक निर्माण कार्य, 2 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से दरभा में निर्मित 50 सीटर आईटीआई छात्रावास, 1 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से किलेपाल में निर्मित 50 सीटर आईटीआई छात्रावास, लोक निर्माण विभाग की सेतु निर्माण विभाग द्वारा 4 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से गंजोपारा से गुड़ियापारा के बीच निर्मित सेतु, मछलीपालन विभाग द्वारा 3 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से कोसारटेडा जलाशय में मछलीपालन के लिए केज स्थापना व फ्लोटिंग हाउस एवं गोदाम निर्माण, जगदलपुर नगर निगम द्वारा 1 करोड़ 23 लाख 3 हजार और 2 हजार किलोग्राम क्षमता के कंपोस्ट मशीन, 1 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से सिटी ग्राउण्ड के सामने निर्मित 10 दुकान और 2 हाल व प्रवेश द्वार, 96 लाख रुपए की लागत से आमागुड़ा चैक में निर्मित दुकान, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से निर्मित एफटाईप क्वार्टर सहित अन्य कार्य शामिल हैं।



मुख्यमंत्री द्वारा इसके साथ ही लगभग 2 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से पाराकोट से सोसनपाल के बीच बनने वाली 4 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 2 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से रानसरगीपाल से पखनारचा के बीच बनने वाली 4 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग सवा करोड़ रुपए की लागत से चित्रकोट मार्ग से गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज के बीच सड़क का नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण, लगभग 2 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से तिरथा चैक से सुधापाल तक बनने वाली 4 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 2 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से बड़ांजी से कुम्हली तक पक्की सड़क का निर्माण, 1 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से पारापुर से मुतनपाल तक सड़क निर्माण, 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बेलर से सिरिसगुड़ा के बीच सड़क निर्माण, 1 करोड़ 2 लाख रुपए की लागत से भैंसगांव से सांवरापाल के बीच सड़क निर्माण, चिंगपाल, गारेंगा, चपका, नलपावंड, छोटे देवड़ा, राजनगर और सोनपुर में 25.56-25.56 लाख रुपए की लागत से 200-200 मैट्रिक टन क्षमता के गोदाम का निर्माण, 17 करोड़ 77 लाख 61 हजार रुपए की लागत से जुनावानी, करमरी, टिकनपाल, बोडरेपाल, पेदावाड़ा, छिंदवाड़ा, नवागांव, बड़े मोरठपाल, बड़े मारेंगा, एर्राकोट, कलेपाल, सिलकझोड़ी, दाबपाल, सालेपाल और मारीकोड़ेर में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य, लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से जगदलपुर नगर निगम में सड़कों का मरम्मत कार्य, 1 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से भानसागर तालाब में पर्यटन व सिंचाई सुविधाओं के विकास सहित अन्य विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत 25 कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक प्रदान किया। उन्होंने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा संचालित एटीएम वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, स्थानीय लोकसभा सांसद दीपक बैज, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, अंतागढ़ विधायक अनूप नाग, क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद कमिश्नर श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे सहित जनप्रतिनिधगण भी उपस्थित थे।

## पाइप लाइन कार्य का हुआ भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद चांपा के वार्ड क्रमांक 11 लक्ष्मी देवी वार्ड में नल जल के लिए पाइप लाइन कार्य का भूमि पूजन वार्ड पार्षद सुनयना गोपी बरेठ द्वारा किया गया यह पाइप लाइन होमेश देवांगन के घर से दीपक देवांगन के घर तक बिछाई जाएगी जिसमें डेढ़ लाख रूपए की लागत आएगी। भूमि पूजन करते हुए पार पार्षद सुनयना बरेठ ने कहा कि स्वच्छ जल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है इसीलिए अपने वार्डवासियों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने की दिशा में उनके द्वारा यह एक प्रयास है इस कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, भाजपा नगर मंडल चांपा अध्यक्ष गणेश श्रीवास ,उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन, वसीम मेमन, दिनेश देवांगन, जीतू देवांगन, प्रेमलाल देवांगन, यशोदा स्वर्णकार आदि वार्ड वासियों के उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## लिमतरा में क्रिकेट स्पर्धा आयोजित ग्राम लिमतरा को मिला प्रथम स्थान



पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

निकटवर्ती ग्राम लिमतरा में 15 गाँव के क्रिकेट टीमों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल मैच ग्राम लिमतरा और ग्राम पहंदा के बीच खेला गया।

ग्राम लिमतरा को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15000 रुपए एवं ग्राम पहंदा को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 7000 रुपए प्रदान किया गया। इस अवसर पर लिमतरा दल के कप्तान भागवत वर्मा सहित दोनों दलों के खिलाड़ियों को साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

पुरस्कार वितरण स्थल पर हरिशंकर मढ़रिया, झालाराम मढ़रिया, दिनेश वर्मा, योगेश टिकरिया सहित गांव के प्रमुखजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए 15 लोग, अनिल सिंह ने भाजपा गमछा पहना कर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

अनिल सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के हाथ के साथ कोई हाथ नहीं मिलाना चाहता, क्योंकि कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचार के साथ है।छत्तीसगढ़ में हुए अब तक के ऐतिहासिक घोटाले कांग्रेस की सरकार ने की है। जिन घपलों-घोटालों ने छत्तीसगढ़ को खोखला किया है। इसीलिए भारत की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार कर भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाकर केन्द्र में सत्ता सौंपी है। 2014 में केन्द्र की सत्ता संभालने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को घोटालों से मुक्त करते हुए भारत का नाम विश्व में ऊंचा किया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम भी फ्लाप होगा। भारत के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हीं को देश की कमान सौपेंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐसे नेता हैं, जो भविष्य को समझते हैं। मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में के तहत लोगो मे जागरूकता पैदा हुए,और कवर्धा जिला के मंडल पिपरिया अंतर्गत कान्हाभैरा के ग्रामीण नेताओ से गमछा पहने।



इन्ही बातों और रीति नीति से आकर्षक हो कर 15 लोग कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन थामा और अब भाजपा के साथ चलने की बात कही गई, भाजपा की कार्य योजना से प्रसन्न होकर अजय निर्मलकर, गुनागर चंद्रवंशी, सुदर्शन चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, सुनील निर्मलकर, जीतू चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्रवंशी, संजू निर्मलकर, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राम जी राजपूत सभी लोग भाजपा में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल जिलाउपाध्यक्ष भाजपा, भावना बोहरा जिला पंचायत सदस्य, शिवनाथ वर्मा उपाध्यक्ष जिक भाजपा ,शिवकुमार चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष, दिनेश चंद्रवंशी मंडल उपाध्यक्ष, मुनी राम, मुरली राम चंद्रवंशी, खेमराज साहू, डॉ शिवहरे मंत्री, रतन चंद्रवंशी, गंगोत्री बाई सरपंच व भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## मोर आवास मोर अधिकार जनचौपाल में गरीबों को पक्का मकान मिले: अनिल सिंह

पायनियर संवाददाता कबीरधाम
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा जिला स्तर के तहत मोर आवास मोर अधिकार योजनाओं का लाभ गरीब परिवार के लोगो को मिले जिसे लेकर आज पंडरिया विकास खंड के ग्राम पंचायत कान्हाभैरा और मिरमिट्टी, लखनपुर में मोर आवास मोर अधिकार जनचौपाल में भारी संख्या में भीड़ जुटे। अनिल सिंह ने मोर आवास मोर अधिकार को लेकर भूपेश बघेल को जमकर निशाना साधा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 4 साल बीत जाने के बाद पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, सड़क, बिजली,पानी के लिए लोग तरस रहे हैं आने वाले 8 महीना में फिर से चुनाव होने वाले हैं जनता जान चुकी है जनता जवाब देने के लिए तैयार है,कांग्रेस की कहानी, हर तरफ लूट और बेईमानी से लोगो को लूटने वाले भूपेंश बघेल का काम है। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आहवान में कवर्धा जिले के 802 शक्तिकेन्द्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं की टीम हर गांव पहुंच कर जनचौपाल लगा कर गरीबो को पक्का मकान दिलाने प्रतिबद्ध हैं। सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जब से सरकार में आई है बेटियों का भक्षक बना सरकारी तंत्र, लाज शर्म बेच खाई है भूपेश बघेल सरकार। सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में ग्राम पंचायत से लेकर जिला व प्रदेश स्तर पर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। भाजपा द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिपरिया मंडल के ग्राम पंचायत लखनपुर, कान्हा भैरा, मिरमिट्टी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर सम्पर्क कर अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस कार्यक्रम में जिला भाजपा के नितेश अग्रवाल, भावना बोहरा जिला पंचायत सदस्य, शिवनाथ वर्मा, शिव कुमार चंद्रवंशी मण्डल अध्यक्ष, दिनेश चंद्रवंशी, डॉ शिवहरे, मुनी राम, मुरली चंद्रवंशी, गंगोत्री बाई, खेमराज साहू, रतन चंद्रवंशी, अध्यक्ष मनी राम साह, व क्षेत्र के ग्रामीणजन मौजूद रहे। अनिल सिंह के एक दिवसीय दौरा पिपरिया मण्डल के आसपास रहने वाले लोगों से जनचौपाल के माध्यम से मुलाकात कर हाल चाल जाना। श्री ने हितग्राहियों से मिलकर आवास संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि जनता के साथ हमेशा मिलकर काम करने वाले भारतीय जनता पार्टी हैं। भाजपा द्वारा मोर आवास मोर अधिकार नाम से प्रदेश भर में आंदोलन की तैयारी की जा रही है जल्द ही प्रदेश स्तरीय आंदोलन होगा,जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा भी पूरे डेढ़ माह का खाका भी तैयार कर लिया गया है, न्याय दिला कर रहेगी।

## जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आज से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जगतगुरु शंकराचार्य का पद में आसीन होने के पश्चात प्रथम बार छत्तीसगढ़ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 का श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ बेमेतरा में विधायक निवास में 26 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है जो 2 फरवरी तक चलेगा विधायक निवास में इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सपाद लक्षेश्वर धाम सल्धा के श्री ज्योर्तिमया नंद ब्रह्मचारी जी ने पत्रकारों को बताया कि धर्म का ध्वज चार पीठ है यहां से धर्म का संचालन होता है इसमें से ज्योतिष पीठ में छत्तीसगढ़ भी शामिल है जहां के शंकराचार्य बनने के उपरांत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी का छत्तीसगढ़ में प्रथम बार भागवत महापुराण का प्रवचन बेमेतरा में होगा उन्होंने बताया बेमेतरा में 6 साल पहले से यहां कार्यक्रम कराने के लिए स्वामी का शंकराचार्य बनने के पूर्व ही प्रयास था जो गणतंत्र दिवस बसंत पंचमी के पावन पर्व पर कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो 26 जनवरी 2023 से 2 फरवरी 2023 तक चलेगा उन्होंने यह भी बताया कि इस भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के पहले दिन 26 जनवरी को 11हजार महिलाओं का पारम्परिक परिधानों में विशाल कलश यात्रा माता भद्रकाली मंदिर से प्रारंभ होगा इस विशाल कलश यात्रा में 21 प्रकार के विभिन्न वाद्य यंत्रों विभिन्न मंडली एवं विभिन्न समिति के समितियों के द्वारा इसमें इस कार्यक्रम में शामिल रहेंगे इसके अलावा करीब 10-15 किलोमीटर पहले से शंकराचार्य जी का स्वागत में बाइक रैली निकाली जाएगी जिनका स्वागत भी गाजे बाजे के साथ किया जाएगा और इसके साथ ही नगर का भ्रमण कराया जाएगा आगे बताया कि यहां प्रतिदिन 1:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ होगा जो 4:00 बजे तक के चलेगा श्री ज्योर्तिमयानंद ब्रह्मचारी जी ने बताया कि स्वामी शंकराचार्य जी प्रतिदिन 7:00 बजे दीक्षा देंगे तदुपरांत 9:00 बजे से 11:00 बजे तक चरण पादुका पूजन होगा इसके बाद भेंट मुलाकात रहेगा यह लोक कल्याण हेतु कार्यक्रम हो रहा है यह सर्वजन लोक कल्याण के लिए स्वामी शंकराचार्य जी का यह कार्यक्रम है एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि इसके बाद 11 फरवरी को गणेश पुराण का आयोजन किया गया है उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अलग-अलग स्थानों में अलग-अलग पुराणों का समयानुसार वाचन किया जाएगा।

### प्रतिदिन भोजन भंडारा

भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के संबंध में विधायक आशीष छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग की व्यवस्था मंडी परिसर में रखा गया है इसके अलावा निजी व्यक्ति यों के खाली भूमि को भी पार्किंग के रूप में उपयोग किए जाने के संबंध में जानकारी विधायक के द्वारा दिया गया इसके अलावा विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि गुरु कृपा भवन में सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक भोज भंडारा का आयोजन भी रखा गया है शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने भी कार्यक्रम के संबंध में बताया कि शंकराचार्य छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में इतिहास रचने वाले हैं शंकराचार्य बनने के उपरांत 18 पुराण और 18 उप पुराण मुखारविंद से शंकराचार्य श्रवण कराएंगे जिसकी शुरुआत बेमेतरा से हो रही है, बता दें कि यह कार्यक्रम विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें यह यजमान सुरेंद्र छाबड़ा एवं किरण छाबड़ा हैं इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल भी उपस्थित थे।

**जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस के द्वारा जिले में संचालित मनवा नवा नार कार्यक्रम अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित ग्राम टेटम अब बिजली से जगमगा रहा है**

# दक्षिण बस्तर में गणतंत्र दिवस से पूर्व जगमगाया घोर नक्सल प्रभावित गांव टेटम

पायनियर संवाददाता कवर्धा-बोड़ला
www.dailypioneer.com







टेटम ग्राम में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 17 वाहिनी की ''ई'' कम्पनी का कैम्प स्थापित किया गया है। उक्त ग्राम चारो तरफ से दुर्गम पहाड़ियों तथा घने जगलों से घिरा हुआ है जो नक्सल दृष्टि से अतिसंवेदनशील क्षेत्र है। जिससे यहाँ आमजनों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

माओवादियों द्वारा आवागमन को बाधित करने के लिए ब्लाक मुख्यालय से टेटम गांव को जोड़ने वाली सड़क को कई जगहो से काट दिया गया था। कैम्प खुलने के पश्चात लोगो के आवागमन को सुचारू एवं सरल बनाने के लिए सड़को का जीर्णोधार किया जा रहा है।

जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु एम्बुलेंस की पहुंच टेटम ग्राम तक संभव हो सकी है। कैम्प खुलने से पूर्व पीडीएस राशन दुकान का संचालन पंचायत भवन में चल रहा था एवं बारिश में आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों को 08 किमी दूर तुमकपाल में राशन लेने जाना पड़ता था।

घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से नया पीडीएस भवन का निर्माण नहीं हो पा रहा था कैम्प खुलने के पश्चात नया पीडीएस भवन का निर्माण किया गया एवं ग्रामीणों को ग्राम स्तर पर ही राशन निरंतर उपलब्ध हो पाया है। इसके साथ ही लोगो को स्वच्छ पेय जल हेतु सौर उर्जा से संचालित पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति होने से अब ग्रामवासी गंदे पानी के कारण होने वाले बीमारियों से दूर रहेंगे।

पूर्व में टेटम एवं आस-पास के ग्रामीण दैनिक उपयोग की सामाग्री हेतु 15 किमी दूर कटेकल्याण साप्ताहिक बाजार पर आश्रित थे। कैम्प खुलने के बाद से साप्ताहिक बाजार की शुरूआत टेटम गांव में ही की गयी जिससे आस-पास के गांव तुमकपाल, तेलम, कोडरीपाल, नयानार, बडेलखपाल एवं बडेगुडरा के ग्रामीण लाभान्वित हुए है। टेटम कैम्प में जियो नेटवर्क का टॉवर स्थापित किया गया है, 4जी नेटवर्क आने से ग्रामीणों में भारी उत्साह है, इंटनेट की सुविधा होने से ग्राम पंचायत स्तर पर ही ऑनलाईन जैसे आधार कार्ड, राशन, पेंशन आदि सभी सुविधाएं लोगो मिल रही है। जिससे आस-पास के ग्रामीण न केवल प्रदेश से अपितु दुनिया से जुड़ कर इंटरनेट के माध्यम से बेहतर सुविधा का लाभ ले रहें है। बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, एवं दूरसंचार की सुविधा के साथ-साथ अब गांव में पूर्ण विद्युतीकरण हुआ है।

वर्तमान में ग्राम तेलम-टेटम में विद्युत कनेक्शन प्रदाय किया गया है, जो कैम्प स्थापना से ही संभव हो सका है।गांव में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, मोबाईल नेटवर्क एवं अन्य सुविधाओं की पहुच संभव होने से ग्रामीणों का शासन-प्रशासन एवं सुरक्षा बलों के प्रति विष्वास बढ़ा है। विद्युतीकरण पूरा होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है एवं इसके लिए उन्होने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नेत्र शिविर में 600 का परीक्षण और 480 चश्मे का वितरण




पायनियर संवाददाता ◄ नगरी
www.dailypioneer.com

साधुमार्गी जैन संघ द्वारा चल रहे महत्तम महोत्सव 2023 से 25 तक के लिए विभिन्न आयोजनों में सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत निशुल्क नेत्र परीक्षण महावीर इंटर कॉन्टिनेंटल धमतरी के द्वारा नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण किया गया व दांत निकलना दुर्ग से अरिहंत डेंटल के डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ जैन नगरी की बेटी डॉ. यशस्वी नाहटा आप सभी ने अपनी सेवा क्षेत्र के लोगों को दी व दवा वितरण किया। जिसमें साधुमार्गी जैन संघ नगरी, समता महिला मंडल नगरी,समता युवा संघ नगरी तथा समता बहुमंडल नगरी निरंतर सेवा दी। नेत्र शिविर में 600 से अधिक जनता का नेत्र परीक्षण हुआ और 480 चश्मे का निःशुल्क वितरण वही 245 दंत मरीजों के पंजीयन का उपचार हुआ लगभग 70 सड़े दातो को भी निकाला गया वह निशुल्क दवा वितरण किया गया।इस अवसर पर रायपुर से आदरणीय लोकेश कावड़िया अंतरराष्ट्रीय महासचिव अशोक जैन प्रदेश अध्यक्ष मोतीचंद, जिला धमतरी के अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत उपाध्यक्ष अशोक पारेख सचिव डॉ. पपेश नाहर कोषाध्यक्ष स्वरूपचंद बैद संगठन सचिव दिलीप बड़जात्या कार्यकारी वरिष्ठ सदस्य खेमचंद गोलछा व सदस्य गण ने एवम धर्मेंद्र जैन डॉ. आर एस कश्यप डॉ. शत्रुघ्न गोविंद चक्रधारी आरती द्विवेदी संगीता जैन ने अपनी सहभागिता प्रदान की।धमतरी के भूतपूर्व विधायक आदरणीय हर्षद मेहता जी ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान किये। गायत्री मिशन के चल रहे 108 कुंडली यज्ञ स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में गायत्री मिशन के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किए जैन श्रीसंघ अध्यक्ष उत्तम गोलछा मंत्री मोहन नाहटा साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष खेमचंद चोपड़ा मंत्री कमल नाहटा मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष नितीन भंसाली, समतायुवा संघ अध्यक्ष विजय नाहटा मंत्री संदीप राय सोनी, महिला मंडल अध्यक्ष किरण नाहटा मंत्री, समताबहू मंडल अध्यक्ष प्रियंका गोलछा मंत्री खुशबू नाहटा मूर्तिपूजक संघ नगरी तथा जैन समाज नगरी के सभी वरिष्ठ गणमान्य नागरिक वह सदस्य इस कार्यक्रम के सहयोगी बने सभी दंत चिकित्सा के डॉक्टर एवं नेत्र चिकित्सा मै सहयोग प्रदान किये सेवाभावी चिकित्सकों का साधुमार्गी जैन संघ के द्वारा सम्मान करें उन्हें प्रतीक चिन्ह समर्पित किया गया और भावना रखी गई की समय-समय पर आप हमें सहयोग प्रदान करें ताकि क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके सभी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। संघ के विभिन्न आयामों में व्यसन मुक्ति एवं शाकाहार प्रदर्शन पूरे हाईस्कूल मैदान में संघ के प्रत्येक सदस्यों ने विनर तख्ती बोर्ड के माध्यम जन जागरण में अपनी बात रखी है वह सभी से निवेदन किया गया।

आप सभी व्यसन से मुक्त हो और सभी को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी हुआ रजिस्ट्रेशन में बालिका मंडल के सदस्यों ने विशेष सहयोग प्रदान किया और उनकी भावनाओं को मद्दे नजर रखते हुए बहुत से लोगों ने व्यसन से मुक्त होकर फॉर्म भरे मंगला चरण समता महिला मंडल ने की,स्वागत गीत समता बहूमंडल सभा का संचालन विनय नाहटा रूपेश छाजेड़ ने तथा आभार जितेंद्र नाहटा द्वारा किया गया।

# चंद्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

चंद्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी (चंद्रपुर) स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव विद्यालय परिसर में 2 दिनों का 20 एवं 21 जनवरी को रखा गया था। 20 जनवरी को मुख्य अतिथि आकाश मिश्रा जो कि छत्तीसगढ़ के उच्चशिक्षा मंत्री उमेश नंद कुमार पटेल के प्रतिनिधि के रूप में, अध्यक्षता तहसीलदार राजभानु एवं विशिष्ट अतिथि मिरौनी सरपंच उपस्थित थे, इनके कर कमलों से वार्षिक उत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

कार्यक्रम की रुपरेखा विद्यालय की प्राचार्या हेमा विश्वास ने की। इस अवसर पर चंद्रहासिनी विद्यापीठ जो कि श्रीगोपालजी महाप्रभु एवं श्री चंद्रहासिनी देवी मंदिर न्यास के द्वारा संचालित होती है के प्रबंधक गोविंद अग्रवाल, सचिव शरद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय, न्यासीगण पूनमचंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल एवं श्याम सुंदर देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राचार्या श्रीमती हेमा विश्वास ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। पश्चात कोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय के अभिवादन भाषण पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश मिश्रा ने कहा कि इस स्कूल के विद्यार्थियों की समग्र उन्नति एवं उनकी छिपी प्रतिभाओं को उभारने का सकारात्मक एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करता है, आकाश मिश्रा के द्वारा मंत्री महोदय की ओर से टिंकरिंग लैब के लिए भी आश्वस्त दिया गया।कार्यक्रम के दूसरे दिवस 21 जनवरी को अतिथि के रूप में अनुभव उपाध्याय सीएसपी रायगढ़, डभरा एसडीएम सुश्री दिव्या अग्रवाल, अदानी ग्रुप से परमेश्वर गुप्ता, विवेक पाण्डेय, एनटीपीसी के अधिकारी गण, ज्यूबेरी के स्टेट हेड युसूफ ठाकुर एवं विकास खंड क्रीड़ा अधिकारी राजेश नायक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, एकांकी संग कला की सभी विधाओं को खूबसूरती से प्रस्तुत किया है शास्त्रीय लोक एवं पाश्चात्य सभी शैली को देखने को मिला विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति थी नृत्य नाटिका में शिव तांडव, देशभक्ति नृत्य, गणेश वंदना, सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य का संकलन प्रशंसनीय था शिव तांडव, देशभक्ति नृत्य, अकबर - बीरबल का हास्य नाटक, सरस्वती एवं गणेश वंदना नृत्य ने अभिभावकों से बड़ी प्रशंसा बटोरी, हास्य नाटक से प्रभावित होकर चंद्रहासिनी विद्यापीठ के प्रबंधक गोविंद अग्रवाल ने विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार बच्चों को दिया।

अभिभावकगणों में से भी राजस्थानी नृत्य के बच्चों विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया,एसडीएम सुश्री दिव्या अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया और काफी प्रेरणादायक बातें कहीं।इस कार्यक्रम के अंत में उन्ही के कर कमलों द्वारा एकेडमिक सत्र 2020-21 के छात्रों को पुरस्कार दिया गया।

प्रथम स्थान पर आए छात्र छात्राओं को कक्षा वार पुरस्कार वितरण किया गया तथा इस सत्र (2022 - 23)के वार्षिक खेल दिवस पर प्रतिभावान छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति कोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय द्वारा किया गया।

# भेखलाल साहू ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



पायनियर संवाददाता ◄ बागबाहरा
www.dailypioneer.com

खल्लारी विधानसभा के ग्राम परसदा में भेखलाल साहू जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जय बजरंग युवा कबड्डी समिति एवं ग्रामीण जनों के द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भेखलाल लाल साहू मुख्यातिथि ने मां भारती के तैल चित्र का पूजन कर फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया गया।मुख्यातिथि भेखलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि कबड्डी का खेल पुरातन काल से खेला जा रहा है आज यह कबड्डी अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी है। गांव के खिलाड़ी ऐसे प्रतियोगिता में हिस्सेदारी कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारकर उच्चस्तर पर खेल में भाग लेते हैं। कबड्डी के खेल से यह बात की हमे सिख मिलती है कि हमे संगठित होकर एकजुटता का परिचय देते हुए कड़े मुकाबले में जीत अर्जित कर सकते हैं। इस आयोजन में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि खोमन साहू , सोसायटी अध्यक्ष केशव साहू, सरपंच प्रतिनिधि दिलीप ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा राणा ,उपसरपंच खेमा राम साहू,रजे लाल यादव सोसायटी प्रबंधक, मनी राम पांडे ,होमसिह बंजारा, गुरुदयाल चक्रधारी, डॉ चिन्ता राम साहू , घँसिया राम यादव, पन्नू लाल सिन्हा ,दुकालू राम यादव, खेमराज पटेल, उमा राम साहू, रूपानन्द यादव, यशवंत यादव ,मन्नू साहू चरण ठाकुर, कृष्ण कुमार ठाकुर, राजू साहू ,प्रहलाद ठाकुर उपस्थित रहे।

## 27 जनवरी को होगा शक्ति में मां अंबे ज्वेलर्स के नवनिर्मित भव्य शोरूम का उद्घाटन

**सक्ति।** शक्ति शहर के नारायण सागर रोड में 27 जनवरी दिन-शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे मां अंबे ज्वेलर्स के नए भव्य शोरूम का उद्घाटन होने जा रहा है, साथ ही इस अवसर पर शांति निकेतन नवनिर्मित मकान का भी शुभारंभ कार्यक्रम रखा गया है, ज्ञात हो कि मां अंबे ज्वेलर्स शक्ति सहित सहित पूरे अंचल एवं जिले की ज्वेलरी की एक प्रतिष्ठित संस्थान है, तथा इस संस्थान द्वारा अपने पुराने प्रतिष्ठान के बगल में ही भव्य रूप से बड़े महानगरों की तर्ज पर ज्वेलरी शोरूम का निर्माण किया गया है, जो कि 27 जनवरी से प्रारंभ होगा, मां अंबे ज्वेलर्स परिवार ने समस्त गणमान्य नागरिकों को इस उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपस्थित होकर अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# अड़भार में हुआ विकासखंड स्तरीय आयुर्वेद स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 24 जनवरी को सामुदायिक भवन देवांगन मोहल्ला अड़भार में संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता ज्योतिष गर्ग प्रमुख रूप से मौजूद रहे, विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयुष विभाग के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देने की दिशा में पहल की जा रही है, तथा आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लोगों ने कोरोना के संक्रमण काल में महसूस किया है, जब आयुर्वेद चिकित्सा से ही कोविड-19 महामारी पर बहुत हद तक नियंत्रण पाया जा सका तथा हम सभी को अंग्रेजी उपचार के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति भी अपना विश्वास करते हुए इसे अपनाना चाहिए,उपरोक्त निशुल्क चिकित्सा शिविर में आयुर्वेद विभाग के डॉक्टर अनिल पटेल, डॉक्टर जवाहर बंजारे, डॉक्टर कौशल प्रसाद सहित अन्य चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं दी, तथा 24 जनवरी को सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें आयुर्वेद विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ जवाहर बंजारे, जिला शक्ति एवं डॉ प्रकाश सिंह जिला आयुर्वेद अधिकारी जांजगीर चांपा ने इस शिविर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए सभी से उपस्थित होने की अपील की थी, तथा शिविर के दौरान काफी संख्या में मालखरौदा विकासखंड एवम नगर पंचायत अड़भार क्षेत्र के भी लोगों ने पहुंचकर इस शिविर का लाभ लिया, शिविर में उपस्थित आयुर्वेद विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा हिंदुस्तान की एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, तथा इस चिकित्सा पद्धति को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाने की दिशा में पहल की जा रही है, तथा आयुर्वेद चिकित्सा के उपचार से इसका किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता, तथा अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा की ओर जाना चाहिए शिविर को सफल बनाने में आयुर्वेद चिकित्सा विभाग आयुष विभाग के अधिकारी -कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# कलर्स प्रस्तुत करता है नया फिक्शन शो 'अग्निसाक्षी... एक समझौता'

पायनियर संवाददाता ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com

शादी दो आत्माआओं का मिलन है, जो एक-दूसरे को प्यारर करने, हरदम साथ देने और पूरी जिंदगी एकसाथ बिताने के वचन से बंधा होता है। यदि यह वचन शादी के पहले ही दिन तोड़ दिया जाए तब क्या होता है? कलर्स के नये फिक्शान ड्रामा 'अग्निसाक्षी... एक समझौता' में कहानी एक ऐसे कपल की ज़िंदगी के साथ चलती है जिसकी शादी की एक एक्सपायरी डेट है। यह जीविका (शिविका पाठक द्वारा अभिनीत) की कहानी है।

जिसका अपने पति सात्विक (अक्षय मिश्रा द्वारा अभिनीत) के साथ एक बिल्कु ल नई जिंदगी बनाने का सपना उनकी शादी की पहली ही रात ही चकनाचूर हो जाता है। क्याम उनकी प्रेम कहानी एक उचित मौका मिले बिना ही खत्मक हो जायेगी? पिच्चिर स्टुषडियो द्वारा निर्मित इस शो का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा और इसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे कलर्स पर किया जायेगा। मनीषा शर्मा, चीफ कंटेंट ऑफिसर, हिन्दीत मास एन्ट रटेनमेंट, वायकॉम 18 ने कहा, कलर्स में हम हमेशा ही ऐसे कंटेंट को बनाने और प्रस्तुकत करने का प्रयास करते हैं, जो विविधतापूर्ण और दिलचस्पव हों। 'अग्निसाक्षी... एक समझौता' के साथ हम यह रेखांकित करने की उम्मीऔद है कि शादी से जुड़ी परम्पराएँ कैसे हमारी सांस्कृषतिक ताने-बाने के साथ जुड़ी हुई हैं। इस अनूठी कहानी की शुरूआत प्यार के बजाए तलाक से होती है। इस शो के किरदारों के सफ्र को देखना दिलचस्पथ होगा, क्योंकिकि वे शादी के अनजान क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं। इस शो के लिये पिच्चदर स्टु डियो के साथ जुड़कर हम खुश हैं और हमें उम्मी द है कि जीविका और सात्विक का यह उलझा हुआ लेकिन दिलचस्पि सफर दर्शकों के दिलों से जुड़ेगा। 'अग्निसाक्षीज एक समझौता' की कहानी जीविका राणे और सात्विक भोसले की जिंदगियों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों का व्यौक्तित्व एक-दूसरे के बिल्कु ल विपरीत है। इनकी किस्मकत इन्हें एक-दूसरे के करीब लेकर आती है और उनके परिवार उन्हेंय शादी के बंधन में बांध देते हैं। जीविका इस रिश्र्ते से खुश है, लेकिन सात्विक इस शादी के खिलाफ है और घटनायें इस तरह चौंकाने वाला मोड़ लेती है कि शादी की पहली ही रात को सात्विक अपनी पत्नील को तलाक के कागजात थमा देता है। जीविका ने बचपन से ही परीकथाओं जैसी एक खुशहाल प्रेम कहानी का सपना देखा है और चाहती थी कि उसकी शादी उसी इंसान से हो, जिससे वह प्युार करती है।

दूसरी ओर, सात्विक को प्या र एवं खुशियों में विश्वा स नहीं है और उसकी जिंदगी का एक ही सपना है, अपने पिता की इच्छा ओं को पूरा करना। इन दो बिल्कुएल विपरीत लोगों की कहानी को देखना दिलचस्प होगा, जिनकी अभी-अभी शादी हुई है और जिनका शादी के दिन ही तलाक होने वाला है।

## सैमसंग ने 5G को बढ़ावा देने के लिए आकर्षिक दामों में बिक्री शुरू की

**रायपुर।** सैमसंग का लेटेस्ट 5जी स्मार्टफोन - Gala&4 A14 5G और Gala&4 ,23 5G सैमसंग के एक्सक्लुसिव एवं पार्टनर स्टोर्स, सैमसंग.कॉम एवं अन्य ऑनलाईन बाजारों में आकर्षक मूल्य में छूट से साथ बिकना शुरू हो गए हैं। Gala&4 A14 5G और ,23 5G लेटेस्ट गैलेक्सी इनोवेशंस और 5जी कनेक्टिविटी बहुत किफायती मूल्य में प्रस्तुत करके बेहतरीन टेक्नॉलॉजी खरीदना सभी के लिए आसान बना रहे हैं। सैमसंग इंडिया के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, मोबाईल बिज़नेस, राजू पुल्लन ने कहा, ''सैमसंग की 5जी-फर्स्ट स्ट्रेट्जी के तहत, Gala&4 A14 5G और ,23 5त्न देश में सबसे ज्यादा वितरित होने वाले 5जी स्मार्टफोन होंगे। भारत में 5जी टेक्नॉलॉजी का विस्तार करने के लिए अपने 4जी और 5जी स्मार्टफोंस पर एक सी ईएमआई भी प्रदान कर रहे हैं।''Gala&4 A14 5G प्रीमियम डिज़ाईन में आता है और इसमें स्मूथ स्क्रॉलिंग के लिए 90 हट्र्ज़ के रिफ्रेश रेट के साथ 6.6'' का एचडी+ डिस्प्ले है। 6.6'' की एफएचडी+ स्क्रीन के साथ Gala&4 A23 5G में स्मूथ स्क्रॉलिंग और फ्लुड स्क्रीन ट्रांज़िशन के लिए श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 120 हट्र्ज़ का रिफ्रेश रेट है।

## धान खरीदी में जिला टॉप पर सरपंच संघ ने जताया आभार

**महासमुन्द।** प्रदेश के मुखिया भूपेश सरकार ने जिले को बनाया नम्बर वन, सरपंच संघ के



अध्यक्ष विरेन्द्र चन्द्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा समर्थन मूल्य पर 2022-23 के लिए एक नवंबर से धान की खरीदी शुरू हुई और 31 जनवरी 2023 तक चलेगी। महासमुंद में धान खरीदी के लिए 169 खरीदी केंद्र बनाए गए है। जिसमें धान की खरीदी जारी है। अभी तक 7 लाख 44 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है और खरीद के हिसाब से महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ में पहले नंबर पर है। छत्तीसगढ़ में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत सरकार किसानों को बोनस भी दे रही है जिसमें प्रति क्विंटल धान के लिए 2640 रुपये दिए जा रहे हैं। इतनी अच्छी कीमत से किसान भाइयों के चेहरे में मुस्कान आ गई है। पूरे छत्तीसगढ़ में रिकार्ड तोड़ धान खरीदी में महासमुन्द को नम्बर वन बनाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

## गणतंत्र दिवस पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे

**महासमुंद।** 74 वां गणतंत्र दिवस महासमुंद जिले में पूरे गरिमामय तरीक़े से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में



आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के गृह, जेल, लोक निर्माण तथा जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर सुबह 9:00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी लेंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि साहू का समारोह स्थल पर आगमन सुबह 8:58 बजे होगा। 9:00 बजे ध्वजारोहण एवं सलामी लेंगे। 9:03 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे। 9:15 बजे से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। 9:35 बजे मार्च पास्ट, 9:50 बजे विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, 10:00 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण और 10:35 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

## नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड के आलेसुर में खेल प्रतियोगिता का समापन




**रायपुर।** खरोरा 21 जनवरी से चल रहे आलेसुर स्थित पूर्व माध्यमिक शाळा एवं प्राथमिक शाळा की क्रीड़ा मध्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 25 जनवरी को हुआ प्रतियोगिता नलवा स्टील एवं पावर लिमिटेड नाहरडीह मघईपुर चुना पत्थर खनन परियोजना खरोरा रायपुर के सहयोग से संपन्न कराई गई. शाला के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ कार्यक्रम शाला के प्रधान पाठक के एवं आलेसुर सरपंच करण दास बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि अनीता योगेंद्र शर्मा विधायक धरसींवा रही उनका स्वागत सम्मान नलवा स्टील के अधिकारी श्री राजेंद्र चौरसिया व् हरीश सिन्हा द्वारा शाल एवं श्री फल भेट कर कर किया गया , इस अवसर पर विधायक महोदया द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया ,उन्होंने इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए के लिए ग्रामीणों एवं नलवा एवं नलवा स्टील को बधाई एवं शुभकामनाये दी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में सहायक प्रोग्रामर नागेश्वर होंगे सम्मानित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बुधवार 25 जनवरी 2023 को राज्य स्तरीय समारोह में निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महासमुंद जिले के सहायक प्रोग्रामर नागेश्वर साहू को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार के लिए प्रत्येक संभाग से एक-एक सहायक प्रोग्रामर का नाम चयनित किया गया है। इनमें रायपुर संभाग से महासमुंद जिले के सहायक प्रोग्रामर नागेश्वर साहू का चयन हुआ है। इन्हें इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 के राज्य स्तरीय समारोह में दोपहर 12:00 बजे सम्मानित किया जाएगा।

**नोडल अधिकारी सभी धान उपार्जन केन्द्रों में जाकर भौतिक सत्यापन करें : कलेक्टर**

# कलेक्टर ने जिले के पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को पुराने विभिन्न मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सर्वप्रथम खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियां को जिले के वर्तमान में लगभग एक लाख 47 हजार किसानों से राज्य में सर्वाधिक 8.09 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन करने एवं राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर बधाई दी। साथ ही धान खरीदी केन्द्रों के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए मात्र चार कार्य दिवस शेष है। उन्होंने जिले के शेष पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी सभी धान उपार्जन केन्द्रों में जाकर भौतिक सत्यापन, कम्प्यूटर से मिलान कर प्रमाण पत्र दें। अंतिम दिवस में धान खरीदी कार्यों को और अधिक जिम्मेदारी के साथ संबंधित अधिकारी करें। कलेक्टर ने 26 जनवरी को जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा झांकी प्रदर्शन का व्यवस्थित आयोजन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रगतिरत सभी निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए शासकीय धनराशि का पूरा सदुपयोग करते हुए आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कराए जाने तथा जिले के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व अधिकारियों को नियमित रूप से राजस्व कोर्ट में बैठने तथा राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को अनावश्यक रूप से राजस्व कार्यो के लिए भटकना न पड़े इस बात का विशेष ध्यान रखने कहा। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल जल कनेक्शन तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्यो में तेजी लाने, कार्य की गुणवत्ता तथा भविष्य में उपयोगिता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, पीजी पोर्टल, पी.जी.एन. जन शिकायत, सीएम चौपाल में लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/ना. तह / वाचक / 2023
बिलासपुर दिनांक 20/01/2023
ई0रा0प्र0क्र0- /अ-6/2022-23

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजानंद राही पिता स्व0 फूल सिंह राही निवासी- नया सरकण्डा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ0ग0) के द्वारा मौजा - जरहाभाठा प0060 न0-38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि **खसरा नंबर- 101/3 रकबा 0.54 एकड (0.218 हे0)** भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के माध्यम से अपने नाम नामांतरण किये जाने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक **09/02/2023** को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगे।

आज दिनांक 20/01/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
फोन नं.-07821-247029 Email-cmokumhari@gmail.com

क्रं./ 76/ राज.वि./ नपा./2023 कुम्हारी, दिनांक 24/01/2023

**-:: रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) ::-**

एतद् द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत निम्नानुसार बड़ा तालाब उद्यान वार्ड क्रं.01 नवीन क्रिकेट स्टेडियम वार्ड क्रं.-07 के रखरखाव व संधारण कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/समूह से सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपनी रूची की अभिव्यक्ति ऑफर दर तीन लिफफा पद्धति से दिनांक 24.01.2023 समय अपरान्ह 11.00 बजे से दिनांक 13.02 2023 सायं 500 तक आमंत्रित किया जाता है : -

| क्रं. | कार्य का विवरण | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | बड़ा तालाब उद्यान वार्ड क्रं-01 का रख रखाव एवं संधारण कार्य। | 05.00 |
| 2. | नवीन क्रिकेट स्टेडियम वार्ड-07 का रख रखाव एवं संधारण कार्य। | 01.00 |

**नियम एवं शर्तेः-** रूची की अभिव्यक्ति अंतर्गत नियम एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट में **und.cg.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। विस्तृत नियम शर्ते व अन्य जानकारियां कार्यालय के राजस्व विभाग से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुम्हारी**

# क्या कभी एआईसीसी में झंडा फहरा पाएंगे भूपेश: मूणत

■ डॉ. रमन को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर बघेल पर कटाक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को गणतंत्र दिवस पर पार्टी मुख्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अहम जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की टिप्पणी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि आये दिन डॉ. रमन सिंह के विरुद्ध अपनी संस्कार जन्य अशिष्ट टीका टिप्पणी करने वाले बघेल क्या कभी कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्र ध्वज फहरा पाएंगे। उन्हें डॉ. रमन सिंह का कद अब समझ में आ जाना चाहिए कि सब्जबाग दिखाकर एक बार सत्ता हासिल कर जनता को निराश करने वाले किसी मुख्यमंत्री और शालीनता पूर्ण कर्मठता के साथ लगातार 15 साल तक विकास तथा जनसेवा की राजनीति करने वाले विराट व्यक्तित्व में क्या अंतर होता है। पूर्व मंत्री मूणत ने मुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल जी आपको मुख्यमंत्री बने मात्र 4 वर्ष हुआ है। रमन सिंह तो 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ में ध्वज फहराते रहे हैं। डॉ. रमन सिंह के स्तर तक पहुंचने के लिए आपको अभी बहुत लंबा सफर तय करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा में यही फर्क है। भाजपा अपने कार्यकर्ता को सम्मान देना जानती है। भाजपा में सभी कार्यकर्ता होते हैं और कार्यकर्ता ही नेतृत्व करते हैं। बूथ स्तर का कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री बनता है। कार्यकर्ता पार्षद से केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनता है। कार्यकर्ता राष्ट्रीय मुख्यालय में ध्वज फहरा आता है। कांग्रेस चाटुकारों की फौज है। गांधी परिवार के अलावा किसी का कोई सम्मान नहीं है। भूपेश बघेल जैसे सभी कांग्रेस नेता गांधी परिवार की सेवादारी में लगे रहते हैं। पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि डॉ. रमन सिंह को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में ध्वजारोहण का सम्मान मिला है तो भूपेश बघेल को ईर्ष्या हो रही है। उन्हें यह पीड़ा इसलिए है कि वे परिवार विशेष की अगली पीढ़ी के सामने किसी दरबारी के समान हाथ बांधकर, नजरें नीची करके सेवक की मुद्रा में खड़े होने के लिए अभिशप्त हैं। क्योंकि वे उस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वालेंटियर हैं जो जनसेवा के नाम पर राजनीतिक संस्थान चला रही है। भूपेश बघेल जी चिंता न करें, डॉ. रमन को भाजपा में बड़े दायित्व मिलते रहे हैं, मिलते रहेंगे। उन्होंने कहा भूपेश जी आपकी चला चली की बेला है। आप अपने भविष्य की चिंता करें।

## सीएम भूपेश बघेल ने रमन सिंह को तो शुभकामनाएं दी लेकिन विरोध की कुंठा से ग्रसित राजेश मूणत शुभकामनाओं का भी विरोध करने लगे

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह की चाटुकारिता में अपनी नासमझी का परिचय प्रदेश की जनता को दे दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो रमन सिंह को छत्तीसगढ़ से बाहर दिल्ली में ध्वजारोहण करने मिली जिम्मेदारी पर शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लेकिन विरोध की घृणित और कुंठित मानसिकता से ग्रसित पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने रमन सिंह को मक्खन लगाने के चक्कर मुख्यमंत्री जी के द्वारा दी गई शुभकामनाओं का भी विरोध करने लग गए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पार्टी मुख्यालय में झंडा फहराने को अवसर बताकर फुदकने वाले राजेश मूणत को ज्ञात होना चाहिये कि जब अध्यक्ष अनुपस्थित रहता है तो उपाध्यक्ष से झंडा फहराने का सामान्य प्रोटोकाल है लेकिन रमन के प्रिय चाटुकार इसको अवसर बताकर शेखी बघार रहे दरअसल उपाध्यक्ष बनने के बाद रमन सिंह को भाजपा नेतृत्व ने कभी किसी राज्य में एक विधानसभा तो क्या एक वार्ड का प्रभारी भी नही बनाया अब उन्हे भाजपा कार्यालय में झंडा फहराने का अवसर मिला तो मूणत जैसे समर्थक इसकों बड़ी उपल्बधि मान रहे है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रमन सरकार के दौरान राजेश मूणत मंत्री कम रमन सिंह के दरबान ज्यादा लगते थे। रमन सिंह की सत्ता चली गई और राजेश मूणत की विधायकी चली गई। लेकिन आज भी मूणत रमन सिंह के दरबान की तरह ही व्यवहार करते हैं। यही वजह है कि राजेश मूणत रमन सिंह को मिले शुभकामनाओ का भी विरोध कर रहे है।



# कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में हुआ 13वां मतदाता दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

13वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में वोट जैसा कुछ नहीं वोट डालेंगे हम के थीम पर मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। मतदाता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने माँ सरस्वती की छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर की। इस दौरान मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई और नये मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं एवं तहसील मुख्यालय में मतदाता जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा सभी शासकीय विभागों एवं कार्यालयों में भी मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। आज के मतदाता दिवस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एएसपी पंकज पटेल, पं.जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य पीपी चंद्रवंशी, प्राचार्य डॉ.डी.डे., डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी, भूपेन्द्र जोशी सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुती दी गई। प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि हमें मतदान क्यों करना चाहिए एवं मतदान किसको करना चाहिए।

कन्या महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और महाविद्यालय में नियुक्त कैम्पस एम्बेसडर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शुक्ला ने विद्यार्थियों को बताया कि वोट देना हमारा मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट3ीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए बिना डर-भय एवं प्रलोभन के हमें मतदान करना चाहिए। उन्होने कहा कि वर्तमान मे ऑनलाइन और ऑफलाईन माध्यम से मतदाता परिचय पत्र का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, जिससे 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं को सुविधा होती है। यदि आप की आयु 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होती है तो आप मतदाता सूची में नाम जोड़वा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने मतदान हेतु अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर लेने वाले सभी मतदाताओं को मत के प्रति अपनी जिम्मेदारी एवं सूझबूझ के साथ मत का सही तरह से निर्भीक होकर, निष्पक्ष होकर शांतिपूर्ण रूप से मतदान करना चाहिए। अपर कलेक्टर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एवं निर्वाचन कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है।

# कलेक्टर डॉ मित्तल ने अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ

### जिला कार्यालय के समस्त विभागों के कर्मचारियों ने मतदाता दिवस की ली शपथ



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थिति थे। कलेक्टर डॉ मित्तल ने शपथ दिलाया कि'' हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के सभी कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

# एसपी लाल उमेद सिंह ने किया किचन सेड भवन एवं फिंगरप्रिंट शाखा का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ कबीरधाम
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा पुराना पुलिस लाइन में स्थित बैरक के पास नवनिर्मित किचन सेड का पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रिबन काटकर लोकार्पण किया गया। उक्त किचन सेड के निर्माण के विषय में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा बताया गया कि उक्त किचन सेट विभिन्न लाइन आर्डर ड्यूटी, वी.आईपी ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी एवं अन्य ड्यूटी के लिए अलग-अलग थाना एवं जिले से बल की मांग की जाती है, तथा बाहर से आए जवानों को पूर्ण स्वच्छ और पौष्टिक भोजन समय पर प्राप्त हो जिसे इत्मीनान से बैठकर पुलिस के अधिकारी जवान ग्रहण कर सकें तथा परिसर में उपस्थित बैरक में निवासरत सी.एफ.के जवानों के लिए उक्त किचन सेट का निर्माण कराया गया है कहा गया जिसके पश्चात थाना सिटी कोतवाली के सामने स्थित भवन में फिंगरप्रिंट शाखा का रिबन काटकर अवलोकन कर नेशनल ऑटोमेटिक फिंगर प्रिंट आइडेंटीफिकेशन सिस्टम के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए कहा गया कि ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से जिले के समस्त थाना चौकी के अपराधियों का फिंगरप्रिंट लेकर ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से एंट्री किया जाएगा, जिससे यदि किसी अपराधी के द्वारा किसी भी अपराध को अंजाम दीया जाता है। तो मौके पर उपस्थित फिंगरप्रिंट एवं ह्वस्नढ्ढस् सिस्टम में लोड रिकॉर्ड का मिलान करने पर आरोपी तक जल्द से जल्द पहुंच कर उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा सकता है कहा गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप.पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल किशोर वासनिक, उप. पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक छबीला सिंह, आरक्षक चेतक नाथ योगी ऑपरेटर एवं कबीरधाम पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी व प्रिंट मीडिया/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सम्माननीय पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# जिले के शहीद परिवारों को शाल एवं श्रीफल के साथ किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की आंतरिक सुरक्षा में कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवानों के परिवारजनों का गणतंत्र दिवस को लेकर 25.जन.2023 दिन बुधवार को शहीद परिवारजनों का सम्मान बेमेतरा पुलिस द्वारा ग्राम कोहड़िया के शहीद आरक्षक मुकेष वर्मा के सम्मान हेतु शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कुल कुसमी पहुंचकर स्कुल के अध्यापकगण एवं छात्र छात्राओं के साथ मिलकर शहीद के परिवार के सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर सम्मानित किया गया साथ ही नमन करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की गई एवं शहीद भास्कर धर दीवान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी को उनके गृह ग्राम में नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कांग्रेस का आज से 26 मार्च तक 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री शोभा ओझा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विश्व के सबसे युवा देश के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं दे पाई। देश के प्रत्येक परिवार को महंगाई की आग में झोंक दिया।

किसानों को आमदनी दोगुनी करने का कोरा झांसा दिया गया। समाज के पिछड़े, दलित, आदिवासी वर्गों को तरक्की का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। अवसर बस अपने धन्ना सेठ दोस्तों के लिए सृजित किए गए और इन संघ नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए भारत को नफरत, निराशा और नकारात्मकता के दलदल में धकेल दिया। आज भारत को हर स्तर पर तोड़ा जा रहा है और देश के संसाधनों का रूख मुट्ठी भर लोगों की ओर मोड़ा जा रहा है। इसलिए राहुल गांधी जी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भाजपाई सत्ता की नफरत, निराशा और नकारात्मकता की जड़ता को तोड़ रहे हैं और भारत को जोड़ रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में लाखों-करोड़ों लोग पैदल चल रहे हैं। कन्याकुमारी से शुरू हुई यह पदयात्रा अब जम्मू पहुंच गई है और 3,900 किलोमीटर लम्बी यात्रा का आज 131 वां दिन है। अब कांग्रेस पार्टी इस 'भारत जोड़ो' अभियान को और अधिक व्यापकता प्रदान करने के लिए समूचे देश में 26 जनवरी से 26 मार्च तक एक जनसंवाद कार्यक्रम 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' चलाएगी जिसका नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां करेंगी। इस अभियान के तहत भारत के 6 लाख गांवों, 2.50 लाख ग्राम पंचायतों और 10 लाख मतदान बूथों तक पहुँचकर राहुल गाँधी जी का संदेश और मोदी सरकार की नाकामियों की चार्जशीट हर घर तक पहुंचाई जाएगी। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1,050 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं।

# पाठ्य पुस्तक निगम टेंडर पर भाजपा का बयान झूठा भ्रामक : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी के द्वारा पाठ्यपुस्तक निगम के टेंडर के संबंध में दिया गया बयान झूठा भ्रामक और जानबूझकर सरकार की छवि खराब करने वाला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता गलत बयानी कर रहे कि निगम के पेपर खरीदी का टेंडर एक ही लेपटॉप और एक ही जगह से भरा गया है जबकि चारों ही कंपनियों के द्वारा भरे गये टेंडर के आईपी एड्रेस अलग-अलग है, साथ ही चारों के लोकेशन भी अलग-अलग दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली है। इस तरह के चारों टेंडर एक ही लेपटॉप से भरा गया ऐसा कहना पूरी तरह से गलत और मनगढ़त है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ओपी चौधरी आईएएस अधिकारी रहे है तथा इंजिनियरिंग के छात्र रहे है लंबे समय तक प्रशासनिक कामों का उनका अनुभव रहा है यदि वह कोई बयान दे रहे है तो उसके तथ्यों के बारे में गलत जानकारी उनकी तथ्यों की कम समझ नहीं अपितु उनके द्वारा जानबूझकर तथ्यों के बारे में झूठ बोल कर गलत आरोप लगाये गये है। ओपी चौधरी टेंडर प्रक्रिया के बारे में जानते है, समझते है यदि चारों टेंडर के कम्प्यूटर के आईपी एड्रेस अलग-अलग है तथा उसी लोकेशन भी अलग-अलग राज्यों की है तब उनका एक ही घंटे में चार अलग-अलग राज्यों से भरा जाना कैसे संभव है? अर्थात उनके आरोप गलत है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नौकर शाह रहते हुये ओपी चौधरी को घोटाले करने का पुराना अनुभव रहा है जांजगीर जिला पंचायत सीईओ, दंतेवाड़ा एवं रायपुर कलेक्टर रहने के दौरान जो व्यक्ति उसकी ठेका कंपनी उपकृत होती रही उसी ठेका कंपनी के द्वारा बायंग में उनके मकान का निर्माण किया जाना संयोग है या प्रयोग इसकी जानकारी उनको छत्तीसगढ़ की जनता को देना चाहिये।

# मेट्स विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय में मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के अंतर्गत संचालित केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस शुभ दिन के अवसर पर पूजा कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह पर हुए विविध कार्यक्रमों में विजेता व उपविजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना चंद्राकर ने बताया कि केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा करने की परंपरा रही है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों सहित पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मुंडेजा, मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के सहायक प्राध्यापक संजय शाहजीत, लाकेश कुमार साहू, सहायक ग्रंथपाल गिरधारी लाल पाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो.(डॉ.) के. पी. यादव, उपकुलपति डा. दीपिका ढ़ांढ़, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन को सराहनीय प्रयास बताया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विभागीय कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर यूनिसेफ के डॉ. गजेन्द्र सिंह, सीएमएचओ डॉ रंजीत टोप्पो, समस्त बीएमओ, बीपीएम, समस्त नोडल अधिकारी सहित विभागों के अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार हेतु विभिन्न विकासखंडों में निर्माणाधीन भवनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्य मे प्रगति लाने के निर्देश सम्बंधित निर्माण एजेंसी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण, क्षय रोग, टी.बी. हाइपरटेंशन, कृमिनाशक एवं विटामिन दवा पान, एनआरसी में बेड ऑक्यूपेंसी, गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पता, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम सहित विभिन्न विभागीय कार्यो की विकासखण्डवार समीक्षा की। कलेक्टर द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया की मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य में दी जाने वाली सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें साथ ही कोई भी लाभार्थी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ना हो सभी स्वास्थ्य अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान दे। जिले में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए डॉ मित्तल ने शत प्रतिशत प्रसव संस्थागत कराने के निर्देश दिए। डॉ मित्तल ने जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बगीचा के बुर्जुडीह जैसे पिछड़े क्षेत्रों में ग्रामीण स्तर पर भवन चिन्हाकित कर वहाँ स्वास्थ्य कर्मचारी की नियुक्ति करने एवं ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही इन क्षेत्रों में जागरूकता लाने हेतु आमजनों में योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक के माध्यम से पहुंचविहीन इलाकों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिले में उच्च जोखिम गर्भावस्था के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी खंड स्तरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर ऐसे गर्भवती महिलाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था की परिभाषा एवं पहचान के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों को जानकारी दी जिसके अंतर्गत 19 वर्ष से कम आयु की गर्भवती महिला, 145 सेमी से कम ऊंचाई की महिला, डायबिटीज, बीपी, जैसे बीमारियों से ग्रसित एवं अन्य लक्षण शामिल है। ऐसे गर्भवती महिलाओं की सर्वे कर उनकी सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति में 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया की उपस्थिति में आज जिले के शासकीय एनईएस महाविद्यालय परिसर में 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में जिला स्तर के विभिन्न अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय तथा तहसील कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती डहरिया ने सभी नए मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतदान बहुमूल्य है। भारतीय संविधान द्वारा हमें मतदान करने का अधिकार दिया गया है। इसके महत्व को समझें एवं निर्वाचन में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश डहरिया ने नए मतदाताओं का बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा नए मतदाताओं को मताधिकार का सही प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाले बी.एल.ओ. को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।


विश्व हिन्दू परिषद परिवार दुर्ग की ओर से जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पुष्पराज सिंह सिकरवार
नगर मंत्री विश्व हिन्दू परिषद
शैलेन्द्र सोनी
विभाग संयोजक, बजरंग दल
अरूण शर्मा
विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा प्रमुख
जिला-दुर्ग
गौरव तांडी
नगर संयोजक
विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल
सजन कुमार माली
नगर अध्यक्ष
विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल
विनीत :- विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, जिला-दुर्ग


आज़ादी का अमृत महोत्सव
74 वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जितेन्द्र वर्मा
जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, जिला दुर्ग (छ.ग.)
संयोजक : बोल बम कांवर यात्रा समिति पाटन क्षेत्र
bjp.jitendra2@gmail.com
9752613562
Jitendraverma.official
@vermajiofficical


दुर्ग जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बृजेश बृजपुरिया
भाजपा जिला अध्यक्ष भिलाई
दिलीप पटेल
मंडल अध्यक्ष भिलाई-चरौदा
राजूलाल नेताम
जिला अध्यक्ष
अनुसूचित जनजाति मोर्चा भिलाई
चंद्रप्रकाश पाण्डेय
पार्षद भिलाई-चरोदा
श्रीमती प्रेमलता चंद्रा
पार्षद वार्ड क्र.-16, भिलाई-चरोदा
तुलसी ध्रुव
पार्षद, भिलाई-चरोदा
फिरोज फारूखी
पार्षद वार्ड क्र.-17, भिलाई-चरोदा



सत्यमेव जयते
छत्तीसगढ़ पुलिस
परित्राणाय साधुनाम्
दुर्ग जिलेवासियों को पुलिस परिवार
की ओर से गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शराब पीकर वाहन न चलायें यह खतरनाक है
दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें
ट्रैफिक नियमों का पालन करें
कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें
पुलिस परिवार जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# अभाविप ने निकाली झांकी के साथ भव्य तिरंगा यात्रा

■ स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ नगर के गणमान्य नागरिक हुए शामिल

## गणतंत्र दिवस के पूर्व आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कसडोल
www.dailypioneer.com

जहां पूरा देश आजादी के अमृतकाल में गणतंत्र दिवस की तैयारी में लगी हुई है, वही कसडोल इकाई में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा अनोखे तरीके से गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के पूर्व 500 मीटर से अधिक लंबे झंडे के साथ हजारों की



संख्या में विद्यालयीन व महाविद्यालीन छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी संस्थाओं के लोगों के साथ देशभक्ति गीतों व आकर्षक झांकी के साथ पूरे नगर के मुख्य चौक-चौराहों का भ्रमण किया और लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पूरा कसडोल नगर देशभक्ति गीतों से गूंज उठा। हर लोग अपने अपने घर के छतों व अपने प्रतिष्ठानों के सामने खड़े होकर तिरंगे झंडे पर पुष्प वर्षा करते नजर आये। पहली बार अभाविप द्वारा इस अनोखे तरीके से गणतंत्र दिवस मनाया गया।

## जिला स्तरीय मुख्य समारोह में संसदीय सचिव एवं विधायक शकुंतला साहू करेंगी ध्वजारोहण

**बलौदाबाजार।** जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी को जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल सुश्री शकुंतला साहू सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे।



■ गणतंत्र दिवस समारोह का मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय

जिला कलेक्टोरेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन एवं स्वागत होगा और प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण,राष्ट्रीय धुन एवं परेड सलामी,9.5 बजे परेड का निरीक्षण एवं परेड का मार्च पास्ट,प्रातः 9.20 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन तथा 9.35 बजे मुख्य अतिथि द्वारा शहीद परिवारों का सम्मान,9.40 को सांस्कृतिक कार्यक्रम,10.10 बजे को झांकी प्रदर्शन,10.25 बजे को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जाएगा।









# मुख्यमंत्री ने किया बायोगैस से संचालित विद्युत उत्पादन केन्द्र का अवलोकन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पूरे प्रदेश में स्थापित करने के दिए निर्देशशहर में शुरू हुआ कचरा संग्रहण के लिए क्यूआर कोड तकनीक का उपयोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ वेस्ट कम्पोस्ट मशीन का किया अवलोकन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डोंगा घाट में बायोगैस से संचालित किए जाने वाले विद्युत उत्पादन केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत उत्पादन केन्द्र की स्थापना के लिए उपयोग किए गए तकनीक के संबंध में भी विस्ता से जानकारी ली। भाभा आण्विक अनुसंधान केन्द्र मुंबई द्वारा तैयार किए जा रहे विद्युत उत्पादन केन्द्र में प्रतिदिन लगभग 500 किलो गोबर की आवश्यकता होती है, जिससे लगभग 10 किलोवाट विद्युत का उत्पादन किया जा सकता है। इससे 40 घरों को रोशन करने योग्य विद्युत का उत्पादन होगा। विद्युत उत्पादन के लिए उपयोग किए गए गोबर का उपयोग पुनः खाद के तौर पर किया जा सकेगा। इसकी क्षमता बढ़ाकर अतिरिक्त बिजली को ग्रिड सिस्टम के माध्यम से विद्युत कंपनी को बेचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने जगदलपुर नगर निगम द्वारा स्थापित इस विद्युत संयंत्र की प्रशंसा करते हुए प्रदेश के अन्य स्थानों में भी विद्युत उत्पादन संयंत्र स्थापित करने की मंशा व्यक्त की। शहर में कचरा संग्रहण के लिए अब क्यू आर कोड तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बुधवार 25 जनवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर के 6 वार्डों में इसकी शुरुआत की। इस तकनीक में कचरा संग्रहण के कार्य की बेहतर निगरानी हो सकेगी। इसके साथ ही शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता और समय में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने इस योजना का शुभारंभ करते हुए शहर की स्वच्छता की दिशा में उठाया गया एक अच्छा कदम बताया। मुख्यमंत्री ने यहां गीले कचरे के निपटान के लिए स्थापित वेस्ट कंपोस्ट मशीन का अवलोकन भी किया। इस मशीन के माध्यम से 15 दिन के भीतर गीले कचरे को जैविक खाद में बदला जा सकता है। 1 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से खरीदी गई इस मशीन में प्रतिदिन 2 हजार से 3 हजार किलो गीला कचरा डाला जा सकता है। अभी जगदलपुर में प्रतिदिन लगभग 24 हजार किलो गीला कचरा निकल रहा है। इस कचरे से प्रतिदिन 7200 किलो खाद का निर्माण किया जा सकता है। इससे गीले कचरे के निपटान में सहायता मिलने के साथ ही एसआरएलएम सेंटर में कार्य कर रही स्वसहायता समूह की महिलाओं की आय में भी वृद्धि होगी।















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403